सुविचार
जब लोग अनपढ़ थे तो परिवार एक हुआ करते थे, मैंने टूटे परिवारों में अक्सर पढ़े - लिखे लोग देखे हैं।

साप्ताहिक
युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-27 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 11 अगस्त 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

# प्रेस कानून एवं प्रेस को न्यूज़ प्रकाशन का अधिकार कहाँ से मिला जानिए/Lagal general knowledge....

लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहाँ जाने वाली प्रेस को किसी भी भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध, सरकार की मनमानी के विरुद्ध प्रकाशन करने का एवं लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध प्रकाशित करने का कानूनी अधिकार प्रारंभ से ही है या कही से मिला है  जानिए इसके पीछे का राज।

### एक छोटी सी कहानी-

आटोशंकर नामक व्यक्ति जो तमिलनाडु राज्य का रहने वाला था उसे हत्या के आरोप में चेगलेपुट उपजेल में बंद करके रखा था। उसने जेल में ही 350 पृष्ठों वाली अपनी एक आत्मकथा लिखी और अपनी पत्नी के द्वारा वकील भेजा उसे प्रकाशित के लिए। उसने अपनी जीवनी में लिखा कि उसके द्वारा किए गए अपराधों में राज्य के ए एस आई, आई पी एस और अन्य अधिकारियों से उसके संबंध थे एवं कई अधिकारी उसके साथ अपराध में सहभागी भी थे इसकी पुष्टि के लिए आटोशंकर के घर पर पार्टी की एक वीडियो से भी हुई थी। लेकिन इस जीवनी को प्रकाशित करने पर तमिलनाडु सरकार ने रोक लगा दी इसके विरोध में पत्रिका संपादक रामगोपाल ने तमिल सरकार के आदेश को निरस्त करने के लिए एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में लगा दी ।



**- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665**

### जानिए प्रेस की स्वतंत्रता का महत्वपूर्ण निर्णय

**राजगोपाल बनाम तमिलनाडु राज्य (निर्णय वर्ष 1994)-** मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा कहा गया कि किसी भी प्रजातांत्रिक देश मे ऐसा कोई कानून नहीं है जो सरकार को उसके अधिकारियों के बदनाम करने वाली सामग्री के प्रकाशन से पहले ही रोक लगा दे। न्यायालय ने निर्णय दिया कि यदि प्रकाशन सामग्री अदालत के अभिलेख समेत किसी भी लोक अभिलेख पर आधारित होती हो तो उसके किसी भी पहलू के प्रकाशन का विरोध नहीं किया जा सकता है। इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कहाँ गया कि सरकार ,स्थानीय अधिकारी और अन्य अंग और संस्थाएं जो भी सरकारी शक्ति का उपयोग करते हैं वे मानहानि के लिए नुकसानी का वाद दायर नहीं कर सकते है। किन्तु अगर किसी अधिकारी, व्यक्ति या महिलाओं की निजता के अधिकार का उल्लंघन किया जाता है जैसे कि एक व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी के अलावा अपनी पत्नी, अपने परिवार की शादी, प्रजनन, माँ बनने और शिक्षा की गोपनीयता बजाए रखने का निजिता का अधिकार है। एवं साथ ही किसी बलात्कार की शिकार महिला, योन हिंसा, अपहरण या इसी प्रकार के अन्य संगीन अपराध से पीड़ित महिलाओं का नाम प्रकाशित नही किया जा सकता है। अतः सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला पत्रिका संपादक रामगोपाल के पक्ष में सुनाते हुए कहा कि आटोशंकर की जीवनी को जैसा कि वह लोक अभिलेख से प्रतीत होती है उसे उसकी सहमति के बिना भी प्रकाशित करना प्रेस का मौलिक अधिकार है,किन्तु अगर प्रकाशनकर्ता उसकी निजिता की जानकारी प्राकशित करते हैं तो यह एकान्तता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन होगा इस पर रोक लगाई जा सकती है।

**नोट-** इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने प्रेस की स्वतंत्रता के लिए एक और महत्वपूर्ण अधिकार दिया है अगर कोई बात किसी सरकारी अधिकारियों द्वारा उनके कर्तव्यों के निवार्ह के दौरान  किये गए कार्यो तथा  दायित्व के उल्लंघन पर प्रकाशित हुई है तो सरकारी अधिकारी इसमे नुकसानी प्राप्त करने का दावा नहीं कर सकता है बस उसे साबित करना होगा की प्रकाशित खबर झूठी एवं असत्य हैं, प्रेस को यह साबित करने की आवश्यकता नहीं है जो कुछ उसने लिखा है वह सत्य है। इसी मामले को बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और निजता के अधिकार पर एक ऐतिहासिक मामला आज भी माना जाता है।

# भरण पोषण की राशि किस दिन से फरियादी को मिलना चाहिए जानिए/Legal general knowledge...

माता-पिता, पुत्र-पुत्रियों एवं पत्नी को आपने बेटा,पिता, पति दे भरण पोषण प्राप्त करने का कानूनी अधिकार प्राप्त है इसका एक प्रमुख कारण यह भी है की भरण पोषण देने वाला व्यक्ति एक विधिक प्रतिनिधि एवं उत्तराधिकारी भी होता है।

### भरण पोषण कब लिया जा सकता है जानिए-

जब कोई पिता, पति, बेटा जिसकी जिम्मेदारी है परिवार का संरक्षण करना वह अपने परिवार के व्यक्ति पर क्रूरता करता है या उनको आवश्यकता अनुसार जीवन जीने की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाता है एवं वह अच्छी आय के बाद भी परिवार का ख्याल नहीं रखता है तब ऐसे व्यक्ति से व्यथित व्यक्ति को भरण पोषण लेने का कानूनी अधिकार प्राप्त होता है।



**- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638**

### मजिस्ट्रेट भरण पोषण किस तारीख से देगा-

दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 की उपधारा 02 के अनुसार मजिस्ट्रेट अपने आदेश के अनुसार भरण पोषण राशि देने आज्ञा देगा वो इस प्रकार हो सकती है

**क.** जिस दिन यह आदेश दिया जाता है उस दिन से देय होगा।

**ख.** वह भरण पोषण के आवेदन किये जाने की तारीख से भी दिया जा सकता है।

मद्रास हाईकोर्ट ने यह प्रतिपादित किया कि आमतौर पर भरण पोषण आवेदन की तारीख से दिया जाना चाहिए लेकिन अगर न्यायालय आदेश की तारीख से भरण पोषण देता है तो उसे विशिष्ट कारण बताने होंगे।

## मुख्यमंत्री रक्षा बंधन पर 27 अगस्त को बहनों से करेंगे संवाद

# सामाजिक क्रांति है लाड़ली बहना योजना : मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लाड़ली बहना योजना एक सामाजिक क्रांति है। योजना में प्रतिमाह उपलब्ध कराया जा रहा एक हजार रुपए केवल पैसा नहीं, बहन-बेटियों का सम्मान है। बहन-बेटियों का आत्म-विश्वास और आत्म-सम्मान बढ़े, परिवार में उनका महत्व और समाज में उनका मान हो, इस उद्देश्य से ही यह योजना शुरू की गई है। योजना में बहनों को प्रतिमाह दी जा रही एक हजार रुपए की राशि को क्रमशः बढ़ाकर प्रतिमाह 3 हजार रुपए किया जाएगा। बहनों की आँखों में आँसू नहीं खुशियां होंगी, यह उनका अधिकार है। हम बहनों को 3 हजार रुपए प्रतिमाह देंगे। रक्षा बंधन के पर्व पर 27 अगस्त को पूरे प्रदेश की बहनों से संवाद के लिए विशेष कार्यक्रम होगा तथा बहनों को उपहार प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान रीवा में राज्य स्तरीय लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम से प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों के वार्डों से बहनें वर्चुअली जुड़ीं।



### मुख्यमंत्री श्री चौहान को लाड़ली बहना सेना सदस्यों ने भेंट की विशाल राखी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राज्य स्तरीय सम्मेलन में पधारी लाड़ली बहनों का ÷बढ़े चलो लाड़ली बहना÷ गीत के साथ फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित गीत के साथ कन्या-पूजन कर, लाड़ली बहनों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री को लाड़ली बहना सेना की सदस्यों ने अपने हाथों से बनाई विशाल राखी भेंट की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सिंगल क्लिक से प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की तीसरी किस्त के 1,209 करोड़ रूपए अंतरित किए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एक लाख 81 हजार जनजातीय बहनों के खातों में पोषण आहार के लिए आहार अनुदान योजना के 18 करोड़ 16 लाख रुपए सिंगल क्लिक से अंतरित किए। लाड़ली बहना योजना में पिछले 2 महीनों में बहनों के खाते में 2 हजार 419 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जारी की गई है। इसी प्रकार विशेष पिछड़ी बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति की बहनों को अब तक 1,391 करोड़ रुपए से अधिक का आहार अनुदान दिया गया है।

### 161 करोड़ 35 लाख के विकास कार्यों का भूमि-पूजन तथा लोकार्पण

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 161 करोड़ 35 लाख रुपए लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन तथा लोकार्पण किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रहट विकासखंड रीवा में नवीन 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं 2 एफ, 2 जी एवं 2 एच टाइप आवास गृहों के निर्माण कार्य, माधो सदाशिवराव डिग्री कॉलेज रीवा में 6 व्याख्यान कक्ष का निर्माण, श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय में बालक-बालिक पीजी सीटस् वृद्धि, रीवा मनकहारी रोड से हरिहरपुर एप्रोच मार्ग निर्माण, जेपी मोड़ से ग्राम दुआरी, दुबारी-तुर्करा-बनकुईया रोड से श्रद्धानगर करिहा रेलवे स्टेशन रीवा रोड के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया गया।

# जम्मू-कश्मीर के विलय का मतलब है कि वो भारत का आंतरिक हिस्सा होगा : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ में अनुच्छेद 370 को लेकर सुनवाई चल के चौथे दिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जम्मू- कश्मीर के विलय का मतलब है कि वो भारत का आंतरिक हिस्सा होगा। अनुच्छेद 370 अपने आप में बहुत लचीला है। ये खुद कहता है कि इसे भारतीय संविधान को लागू करने के लिए संशोधित किया जा सकता है। क्योंकि इसे देश के अन्य हिस्सों में लागू किया गया है।  भारतीय संविधान 26 जनवरी, 1957 के बाद जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा की बात नहीं करता है। 1957 के बाद किसी ने भी जम्मू-कश्मीर संविधान को स्पष्ट रूप से शामिल करने के लिए भारतीय संविधान में संशोधन करने के बारे में कभी नहीं सोचा था। आप इसे जम्मू-कश्मीर संविधान कह सकते हैं, लेकिन जो अपनाया गया वह अपवादों के साथ भारतीय संविधान था।  वहीं सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि  भारतीय संविधान 26 जनवरी, 1957 के बाद जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा की बात नहीं करता है।



# जो काम 75 साल में नही हुआ वो हमने चार माह में किया : विश्वास सारंग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अंग्रेजी में होने वाली एमबीबीएस यानी चिकित्सा विषय में स्नातक की पढ़ाई अब हिंदी में शुरू हो गई है। गुरुवार को हमीदिया अस्पताल के सभागार में एमबीबीएस के प्रथम वर्ष की पाठ्य पुस्तक वितरण का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि जो काम 75 साल में नहीं हुआ, वह हमने चार महीने में कर दिया। प्रदेश में सरकारी मेडिकल कॉलेज में 2275 एमबीबीएस की सीट है। आज के कार्यक्रम में 748 पुस्तक छात्रों को बांटी गई। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि 650 किताबों की मांग और प्राप्त हुई है। हमीदिया अस्पताल में हुए कार्यक्रम में मंत्री विश्वास सारंग ने एमबीबीएस प्रथम वर्ष की हिंदी पाठ्यपुस्तकों का निःशुल्क वितरण किया। साथ ही मंत्री ने एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों से संवाद भी किया।  इसमें हिंदी माध्यम एवं ग्रामीण परिवेश से आने वाले विद्यार्थियों के पठन-पाठन में पुस्तकों की उपयोगिता के संबंध में चर्चा की गई।








# महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

**नर्मदापुरम।।** शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के प्रचार्य श्री डॉ. ओ.एन.चौबे जी के मार्गदर्शक मैं डॉ.इरा वर्मा  के नेत्रत्व में आज दिनांक 9 अगस्त 22023 को शासकीय  नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम की ह्रस्  योजना  के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया जिसमें, श्री राजकुमार दायमा जी , श्री चेतन अहिरवार जी आदित्य पठारिया ,प्रीति उइके और इसमें और भी छत्रों ने भाग लिया, जिसमें स्नेहा सैनी, खुशी मीना, कीर्ति यादव, सरिता केवट, कुमकुम, महक और सभी छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। और सभी ने प्रकृति की सुंदरता को बनाए रखने हेतु अनेक प्रकार के वृक्षारोपण करने हेतु शपथ ली



# अजाक्स कार्यालय सतना में दिनांक 09/08/2023 को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति/ जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स जिला इकाई सतना द्वारा अजाक्स कार्यालय आर-102, सिविल लाइन कोठी रोड सतना में आज दिनांक 09/08/2023को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया अजाक्स के जिलाध्यक्ष माननीय, रामकलेश साकेत जी, के द्वारा सर्वप्रथम बाबा साहब एवं बिरसा मुंडा जीकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में जवाहर लाल साकेत अजाक्स कोषाध्यक्ष,विनीता आर्य रघुराज नगर तहसील अध्यक्ष,नाजी जिला अध्यक्ष केशव अहिरवार,शिव मोहन अहिरवार नाजी महासचिव,पुष्पेंद्र अहिरवार युवा समाज सेवी पन्ना,मिथलेश चौधरी ,नागेंद्र अहिरवार, सक्ति रैदास,राजकुमार अहिरवार,नागेंद्र लोधी,राजाबाबू अहिरवार आदि लोग उपस्थित रहे।

# कलेक्टर आशीष सिंह की उपस्थिति में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मेगा वॉक फॉर डेमोक्रेसी रैली को झण्डी दिखा किया रवाना



**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**

मतदाता जागरूकता के संदेश को प्रसारित करने के उद्देश्य से आयोजित रैली में स्कूल कॉलेज के छात्र - छात्राएं, कैंपस एम्बेसडर,नगरवासी एवं अधिकारी,कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया कलेक्ट्रेट से कमला पार्क तक आयोजित हुई रैली में मेगा वॉक के माध्यम से 2 से 31 अगस्त तक चल रहे पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत सभी मतदाता जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है तथा वे मतदाता जो 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं ,अपना नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जुड़वा मताधिकार प्राप्त करें इसकी भी अपील की जा रही है मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने सभी को मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

# अवैध रूप से मादक पदार्थों का परिवहन करने वालों पर करनवास पुलिस ने कसा शिकंजा



**मुकेश अहिरवार राजगढ़।** किलो ग्राम गांजा सहित एक मोटरसाइकिल जप्त, एक आरोपी पुलिस हिरासत में कुल 02 लाख 10 हजार रूपये का मशरूका जप्त अवैध रूप से मादक पदार्थों का परिवहन निश्चित रूप से चिंता का विषय है जिसके चलते नवागत जिला पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा (भापुसे) ने ऐसे अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए जिले की टीम को लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के फल स्वरुप लगातार कार्यवाही भी जा रही है परंतु अपराधी भी नए-नए तरीकों से अवैध मादक पदार्थों के परिवहन को अंजाम दे रहे हैं। थाना करनवास पुलिस ने ऐसे ही एक गांजा तस्कर को गिरफतार कर गांजा जप्त करने में सफलता हासिल की है मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि सारंगपुर तरफ से पचोर होता हुआ एक आदमी काली मोटरसाइकिल पैशन प्रो क्रमांक स्क्क39 स्त्त2320 से मादक पदार्थ गांजा लेकर बादलखेड़ी जोड़ आ रहा है। जिसमें दो व्यक्ति हैं। यदि तुरन्त कार्यवाही की जाती है तो आरोपी को गांजा सहित पकड़ा जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने से जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी ब्यावरा श्रीमती नेहा गोर के नेतृत्व में सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु रवाना होकर बादलखेड़ी जोड़ पहुंचे एक व्यक्ति मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये का रोड किनारे मोटरसाइकिल पर बैठा हुआ दिखाई दिया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा। नाम पता पूछा तो उक्त व्यक्ति ने अपना नाम मुन्ना शाह उर्फ इमदाद शाह उम्र 26 साल निवासी वार्ड क्रमांक 9 सारंगपुर का होना बताया, जब उक्त वाहन व व्यक्ति की तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से कुल 06 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीब 1,20,000 रुपये एवं एक मोटरसाइकिल कीमत लगभग ?90,000 विधिवत जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य एनडीपीएस एक्ट के तहत दंडनीय पाया जाने से गांजा को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 167/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कायमी कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि देवेंद्र सिंह राजपूत, सउनि राकेश बीलरवान, आरक्षक सुनील , आरक्षक जयप्रकाश, आरक्षक धर्मेंद्र, सैनिक रवि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# थाना यातायात ब्यावरा जिला राजगढ़

**राजगढ़ से मुकेश अहिरवार की विशेष रिपोर्ट**



यातायात जागरूकता अभियान के दौरान गायों पर रेडियम की पट्टी बांधे यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने एवं सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नवागत पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा (भापुसे) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना यातायात द्वारा जिले में बेहतर एवं सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आम जन को जागरूक करने के साथ- साथ अभियान के दौरान थाना यातायात द्वारा राजगढ़ गौ सेवक शैलेश, अमित, विशाल, दीपक एंव संजू के सहयोग से बारिश के मौसम में कीचड़ एंव गंदगी के कारण रात के समय सड़क में बैठे आवारा पशुओं को एंव मोटर दुर्घटनाओं से बचने के लिए गायों के गले में रेडियम टेप की पट्टी बांधे गये ट्रक चालकों को समझाईश दी गई ज्यादातर आवारा पशुओं की सड़क दुर्घटना रात के समय चलने वाले ट्रक के द्वारा होती है क्योंकि रात के समय सड़क में बैठे पशु दिखाई नहीं देते है।

# थाना ब्यावरा(शहर)पुलिस को मिली सफलता, 3 दिन में 4 गुमशुदा दस्तयाब

**मुकेश अहिरवार**




राजगढ़। जिला राजगढ़ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज सिंह मीणा (ढ्ढक्क्र) के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद एवं एसडीओपी ब्यावरा श्रीमती नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ब्यावरा (शहर) श्री राजपाल सिंह राठौर के नेतृत्व में थाना ब्यावरा पुलिस द्वारा 3 दिन के अंदर चार गुमशुदाओं को अलग अलग स्थान से दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया है। थाना ब्यावरा सिटी में पदस्थ प्रधान आरक्षक 181 देवेन्द्र सिंह मीना द्वारा विश्वसनीय मुखविर सूचना पर बिना देरी किये थाना ब्यावरा शहर के गुमइंसान क्रमांक 65/23 की गुमशुदा सितारा बी मुसलमान को सूर्या होटल देवास से दस्तयाब किया, गुमइंसान क्रमांक 66/23 के गुमशुदा जावेद खान पिता इकबाल का निवासी ब्यावरा को बस स्टैंड देवास से दस्तयाब किया, गुम इंसान क्रमांक 64/23 की गुमशुदा रीना पिता कैलाश दांगी निवासी ग्राम बापचा को सुठालिया बाईपास ब्यावरा से दस्तयाब किया गया एवं गुम इंसान क्रमांक 57/23 की गुमशुदा रामदुलारी बाई पति ओमप्रकाश वर्मा निवासी शिवनगर कॉलोनी सारंगपुर को अकोदिया चौराहा सारंगपुर से दस्तयाब किया गया । उपरोक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी ब्यावरा निरीक्षक राजपाल सिंह राठौर, उनि. जितेन्द्र चौहान, प्रधान आरक्षक 181 देवेन्द्र सिंह मीना, प्रआर. 341 उमेश शर्मा, चालक प्रआर. 54 संजय बाथम, म.आर. 904 आयशा बानो का विशेष योगदान रहा है।

# राजगढ़ जिला प्रदेश का पहला विकसित जिला बनने जा रहा है : प्रभारी मंत्री डॉ यादव

**मुकेश अहिरवार राजगढ़**

राजगढ़। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री एवं राजगढ़ जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज राजगढ़ एवं खिलचीपुर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ो की सौगात दी है। प्रभारी मंत्री डॉ. यादव ने सर्वप्रथम नेसडी रोड गागोरनी में अंत्योदय शोध संस्थान में स्कूलीय बच्चों के साथ वृक्षारोपण किया। मंगल भवन राजगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि राजगढ़ जिला प्रदेश का पहला विकसित जिला बनने जा रहा है। हमारी सरकार ने जिले के चअमुखी विकास किया है। हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है । कार्यक्रम में उन्होंने राजगढ़ नगर पालिका के 154 लाख रूपये के छः कार्यों का एवं जनपद पंचायत राजगढ् के 141 लाख रूपये के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। एस.डी.एम.कार्यालय खिलचीपुर का लोकार्पण उच्च शिक्षा मंत्री एवं राजगढ़ जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मोहन यादव ने 115 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय खिलचीपुर का फीता काटकर लोकार्पण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिलचीपुर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण उच्च शिक्षा मंत्री एवं राजगढ़ जिला प्रभारी मंत्री डॉ. यादव ने 450 लाख रूपये से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिलचीपुर में बने नवनिर्मित भवन का लोकार्पण फीता काटकर किया। नगर पालिका खिलचीपुर द्वारा बस स्टैंड परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजगढ जिला प्रभारी मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज खिलचीपुर नगर व आसपास के क्षेत्र के लिए आज का दिन सौगातो का दिन है। आज खिलचीपुर नगर में लगभग 50 करोड़ रूपये की लागत से 7.5 किलोमीटर का खिलचीपुर टाउन पोसंन मार्ग का भूमि पूजन हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने 1.50 लाख रूपये के नगर पालिका के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन भी किया। साथ ही जनपद पंचायत खिलचीपुर के 418 लाख रूपये के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को श्री ज्ञानसिंह गुर्जर, विधायक खिलचीपुर श्री




प्रियव्रत सिंह खिची, पूर्व विधायक श्री हजारीलाल दांगी, पूर्व विधायक श्री अमरसिंह यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री हर्ष दीक्षित, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षय तेम्रवाल,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद, नगर पालिका अध्यक्ष राजगढ़ श्री विनोद साहू, जनपद अध्यक्ष श्री फूलसिंह तंवर, खिलचीपुर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राम जानकी मालाकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# पत्रकार मिलन समारोह हुआ संपन्न

**मुकेश अहिरवार राजगढ़**

पत्रकारों के अधिकारों को लेकर विशेष चिंतन रावभूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न सावन सोमवार के शुभ अवसर पर नरसिंहगढ़ शहर में राजगढ़ जिले से पधारे सभी पत्रकार साथियों का मिलन समारोह आयोजित किया गया इस शुभ अवसर पर राजगढ़ जिले से पधारे सभी पत्रकार साथियों से विशेष चिंतन उपरांत उनके हक अधिकारों एवं कर्तव्यो के साथ साथ-साथ पत्रकारों पर हो रहे हमले और पत्रकार को खिलाफ दिए जा रहे हैं फर्जी आवेदन पर विशेष चर्चा की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता राव भूपेंद्र सिंह आरआरडी न्यूज़ के नेतृत्व में संपन्न हुई इस अवसर पर जिले से पधारे पत्रकार साथी पंकज विश्वकर्मा बीपी गोस्वामी रामस्वरूप वर्मा बृजमोहन सूर्यवंशी राजू गौतम वीरेंद्र प्रताप लाल बना मोहित नहार कमल सेन आदरणीय वकील साहब नितेश कटारिया हरिओम जाटव शरीफ भाई कैलाश सेन बृजेश त्रिवेदी पवन शर्मा कैलाश ट्रेलर एवं नरसिंहगढ़ के स्थानीय आदरणीय वरिष्ठ पत्रकार कमल सिंह जी चौहान साहब और मुकेश अहिरवार लाला ठाकुर छत्र वर्धन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे नरसिंहगढ़ शहर के जाने-माने समाजसेवी लाला ठाकुर छत्रवर्धन सिंह जी के द्वारा राजगढ़ जिले से पधारे सभी पत्रकारों के लिए भोजन एवं संपूर्ण खर्च व्यवस्था विशेष रूप से लाला छत्रवर्धन सिंह जी के द्वारा विवशता है संचालित की गई लाला छत्र वर्धन सिंह जी को सभी पत्रकार साथियों की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद

# पॉलिटेक्निक में माइनिंग ब्रांच संचालन हेतु रामलाल ने सीएम को लिखा पत्र


**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**



**अनूपपुर।** अनूपपुर के स्थानीय नागरिकों द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज में माइनिंग ब्रांच के संचालन हेतु पत्र के माध्यम से निवेदन किया गया था,जिसके बाद स्थानीय निवासियों की मांग को पूर्ण किए जाने हेतु रामलाल रौतेल (म.प्र.राज्य स्तरीय कोल विकाश प्राधिकरण के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त ) ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि जिला अनूपपुर में पॉलिटेक्निक कालेज संचालित है।किन्तु कॉलेज में आज तक माइनिंग ब्रांच संचालित नही है।जिला अनूपपुर में कई संख्या में कोल माइंस संचालित है।जिसे दृष्टिगत रखते हुये माइनिंग ब्रांच संचालित किया जाना आवश्यक है।स्थानीय निवासियों द्वारा माइनिंग ब्रांच संचालित किये जाने का अनुरोध किया गया है।अतः निवेदन है कि जनभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुये शा.पोलटेक्निक कालेज अनूपपुर में माइनिंग ब्रांच संचालन हेतु निर्देश प्रदाय करने का कष्ट करे।

**अनूपपुर में महिला ने दी आत्मदाह की चेतावनी**

# सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद भी लाडली बहना को नहीं मिला न्याय



**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**

अनूपपुर। जिले के जिम्मेदार अधिकारियो ने सीएम हेल्पलाइन को मजाक बनाकर रख दिया है,किसी भी शिकायत को निराकरण करने की जगह जबरदस्ती शिकायतकर्ता को डरा धमकाकर शिकायत करने का दबाव बनाया जाता है,इसी का एक नमूना फिर जिले में देखने को मिला जहा एक महिला के द्वारा की गई शिकायत के मामले में सीएम हेल्पलाइन को ठेंगा दिखाते हुए अपनी मनमानी करते रहे। जिला मुख्यालय अंतर्गत सामतपुर वार्ड नंबर 01 निवासी स्वरूपा सिंह राठौर पति ललन सिंह राठौर ने जिले के अधिकारियों और हल्का पटवारी के भ्रष्टाचार के खिलाफ दिनांक 09.08.2023 को शिवमारुति मंदिर समतपुर तालाब के सामने समय 1.40 मिनट पर आत्मदाह की बात कही है। महिला ने बताया कि उसका भूमि संबंधी विवाद न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर एवं माननीय न्यायालय जबलपुर में विचाराधीन है,जिन आदेशो के विरुद्ध यह अपील विचाराधीन हाउस आलोच्य आदेश के संदर्भ में अपील होने के बावजूद हल्का पटवारी अनुपपुर ने सामतपुर की आराजी खसरा नं 315 सहित अन्य भूमियों पर रामचरण राठौर,संतोष राठौर का नाम खाते में दर्ज कर दिया गया।जबकि इस आदेश के संबंध में तत्कालीन तहसीलदार आदित्य द्विवेदी ने अपील होने की दशा में कार्यवाही प्रस्तुत किए जाने बावत हल्का पटवारी अनुपपुर को निर्देशित किया था।हल्का पटवारी के उक्त अपराध के विरुद्ध प्रार्थिया ने कलेक्टर अनुपपुर एवं मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन को सीएम हेल्पलाइन पर दिनांक-19/07/2023 शिकायत की है,जिसका शिकायत क्रमांक 23278021है।उक्त शिकायत को हल्का पटवारी द्वारा गुपचुप तरीके से बिना शिकायतकर्ता की जानकारी के यह कहकर बंद करा दिया गया,कि उसे तहसीलदार से आदेश मिला है।इन सब कारणों से प्रार्थीय ने क्षुब्ध तथा दुखी होकर मुख्यमंत्री जी के आगमन के समय शिवमारूति मंदिर सामतपुर तालाब के सामने आत्मदाह करने का निर्णय लिया है,जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# अमृत भारत योजना के तहत बिलासपुर रेल मंडल के बिलासपुर-कटनी एवं सीआईसी सेक्शन रह गया उपेक्षित

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**

अनूपपुर । अमृत भारत योजना के अंतर्गत देशभर के 1309 स्टेशनों को नए सिरे से संवारा जाएगा।जिसके प्रथम चरण में 508 स्टेशनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने री- डेवलपमेंट यानी पुनर्विकास के लिए आधारशिला रखी। जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 9 स्टेशनों को शामिल किया गया है।बिलासपुर जोन के अंतर्गत जो स्टेशन शामिल है उसमें प्रमुख रूप से बिलासपुर,रायपुर,दुर्ग के साथ-साथ अकलतरा,भिलाई पॉवर हाउस,तिल्दा-नेवरा, गोंदिया,वडसा और चांदा फोर्ट स्टेशन शामिल हैं।लेकिन बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत बिलासपुर-कटनी एवं सीआईसी रेल सेक्शन की पूरी तरह से उपेक्षा बरती गई है। जिसके पीछे केंद्र में नेतृत्व करने वाले सांसद की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है।उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र के किसी भी स्टेशन को शामिल कराने का प्रयास प्रथम चरण में नहीं किया। वैसे शहडोल संसदीय क्षेत्र के चार स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किए गए हैं।जिसमें प्रमुख रुप से अनूपपुर,शहडोल,उमरिया एवं बिजुरी रेलवे स्टेशन है। लेकिन प्रथम चरण में शहडोल संसदीय क्षेत्र पूरी तरह से उपेक्षा का शिकार हो गया।जिससे मिलने वाली सुविधाओं के लिए अब कुछ समय और इंतजार करना पड़ेगा।अमृत भारत स्टेशन योजना के द्वितीय चरण में शहडोल संसदीय क्षेत्र के चार स्टेशनों के रंग रूप पूरी तरह से बदलेंगे।जिसमें सर्वाधिक राशि अनूपपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन को मिली है। जोकि 16.63 करोड़ रुपए है।जबकि शहडोल को 16.03 करोड़ रुपए,उमरिया को 15.73 करोड़ रुपए एवं बिजुरी रेलवे स्टेशन को 09.53 करोड़ रुपए मिले हैं।अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन में जो सुविधाएं मिलेंगी उसमें प्रमुख रूप से स्टेशन बिल्डिंग के दोनों तरफ से एंट्री का प्रावधान होगा,लिफ्ट व एस्केलेटर की सुविधा मिलेगी, व्यवस्थित पार्किंग,पूर्ण रूप से ग्रीन बिल्डिंग होगी।साथ ही अन्य




सुविधाएं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों को मिलेगी।जिससे पूरी तरह से स्टेशनों का नक्शा उसकी तस्वीर बदल जाएगी एवं यात्रियों को वांछित सभी तरह की सुविधाएं इन स्टेशनों पर मिलने लगेगी।द्वितीय चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शहडोल संसदीय क्षेत्र के चारों स्टेशनों सहित अन्य स्टेशनों की भी आधारशिला रखेंगे।जिसके बाद लगभग ढाई वर्षों में स्टेशनों के कायाकल्प आम जनता के सामने नजर आएंगे।

# 07 अगस्त से सफाई कर्मचारी अनिश्चित कालीन काम बंद हड़ताल पर

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**

अनूपपुर निकाय में कार्यरत समस्त कर्मचारियों का कहना है कि उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सफाई मजदुर संघ के द्वारा कई बार मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से आवेदन निवेदन एवं बैठक के माध्यम से समस्याओं के निरकरण हेतु आग्रह किया जा चुका है किन्तु आज दिनांक तक कर्मचारियों की मुख्य मांगे जिनमे निकाय माह जुलाई तक का वेतन भुगतान प्रत्येक माह के 1 से 5 तारीख तक किए जाने,कार्य पर निरंतर रखे जाने,04 सफाई कर्मचारियों का लॉक डाउन के दौरान 02-03 माह का वेतन भुगतान,सफाई संरक्षक महेश परीहा के मृत्यु उपरांत उनके पत्नी को जमा राशि का भुगतान,चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पद पर सफाई कर्मचारियों को नियमितीकरण ,2007 के पश्चात् कार्यरत दैनिक कर्मचारियों को नियमानुसार विनिमितीकरण,वर्ष 2011 से कर्मचारियों के काटे गये ईपीएफ राशि ईपीएफ खाते में जमा कराई जाकर जानकारी उपलब्ध कराए जाने का निराकरण नहीं किया गया है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म0प्र0 भोपाल का पत्र क0 / स्था0शा-1/ 423 / वेतन भुग. 2023/12952 भोपाल दिनांक 02.08.2023 द्वारा कर्मचारियों को प्रत्येक माह का वेतन भुगतान 01से 05 तारीख तक दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है किन्तु निकाय द्वारा हीलाहवाली कर शासन द्वारा चुगी क्षतिपूर्ति की राशि प्राप्त नहीं होती है।वेतन समय पर प्राप्त न होने के कारण कर्मचारियों को भरणपोषण में परेशानी होती है। सफाई कर्मचारियों द्वारा मांगों का निराकरण निकाय द्वारा न किये जाने के कारण दिनांक07.08.2023 से काम बंद किए जाने तथा कार्यालय नगर पालिका के सामने मंच एवं साउन्ड लगाये जाने की अनुमति प्रदान करने एवं निराकरण कराये जाने हेतु लिखित सूचना अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की दी गई है।



## बहुत याद आती है तेरी यारी, यारा

वो बचपन, वो दोस्ती तेरी
फिर ढूंढता हु, दोस्ती तेरी
साले कहते थे, कमीने है तू
पर हर चीज में साथ देता था तू
ऐसी थी तेरी यारी, यारा
बहुत याद आती है तेरी यारी, यारा

तकलीफ हो मुझे तो कहते थे
अरे चील कर,हम है ना यार
जाने कहा गये अब तेरी यारी,यारा
बहुत याद आती है तेरी यारी,यारा

ना मतलबी थी तेरी यारी
ना फ़रेबी थी तेरी यारी
एक बार कहने से चला आता तू
ऐसी थी तेरी यारी
फिर,बस निकाल पड़ते थे तुम और मै
जहाँ ले जाये ये सफर
बंजारा होके भटकते थे,
जन्नत में ही जा बैठते थे
ऐसी थी तेरी यारी
बहुत याद आती है तेरी यारी,यारा



लेखक - आर, सूर्या

# ग्राम पंचायत चीखली में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में शहीदों को श्रद्धांजलि दी जनप्रतिनिधि हुए शामिल






**देवरी से संवाददाता हल्के वीर की न्यूज़....**

देवरी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा था एक दिन एक समय का प्रत्येक पल जीवन का प्रत्येक कड़ मातृभूमि के लिए और सभी आजादी के दीवाना के लिए हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आज दिनांक 09/08/2023 को ग्राम पंचायत चीखली में आजादी के अमृत महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया। इसका मुख्य उद्देश्य मेरी माटी मेरा देश और विकास पर्व को मानते हुए कार्यक्रम रखा गया। जिसमें ग्राम पंचायत के माध्यम से शहीद स्मारक की स्थापना की गई साथ ही शहीद स्मारक के बगल में राष्ट्रीय ध्वज को फहराने की व्यवस्था भी की गई। इसका मुख्य उद्देश्य देश में विभिन्न स्थानों पर शहीद होने वाले सभी नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी शाहिद हुए सभी नागरिकों कोई याद करना था। वहीं दूसरी ओर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के उपलक्ष में वृक्षारोपण पर भी किया गया। इस कार्यक्रम के उपलक्ष में जिला पंचायत सीईओ अशोक कुमार ऊके जी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कपिल लोधी जी, जिला जनपद सदस्य महेश रघुवंशी जी उदयपुरा जनपद सदस्य, ग्राम सरपंच श्री देवेंद्र पटेल, ग्राम सचिव श्री केवल सिंह मेहरा, रोजगार सहायक श्री जितेंद्र रघुवंशी जी, मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र हल्के वीर एवं अन्य ग्रामीण वासी इस कार्यक्रम शामिल हुए अंत में समस्त जनप्रतिनिधियों ग्राम सरपंच श्री देवेंद्र पटेल ने आभार व्यक्त किया।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां शुरू, पुलिस, एनसीसी कर रही परेड की रिहर्सल



**रायसेन।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस दिवस के मुख्य समारोह के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। होमगार्ड ग्राउंड पर सुबह-शाम स्कूल और पुलिस के प्लाटून परेड की रिहर्सल कर रहे हैं। इस बार मुख्य समारोह में लगभग 15 प्लाटून शामिल होंगे। जिसमें पुलिस होमगार्ड एनसीसी कोटवार सहित अन्य प्लाटून शामिल है। आरआई द्वारा परेड की रिहर्सल कराई जा रही है। आयोजन को लेकर लोक निर्माण विभाग से इंजीनियर आरसी बिटोरिया द्वारा मैदान को तैयार करवाया जा रहा है। हालांकि पुलिस लाइन में नया ग्राउंड बनकर तैयार हो गया है लेकिन उस ग्राउंड में अभी भी कुछ कमियां है,जिसके चलते इस साल भी होमगार्ड के ग्राउंड पर ही स्वतंत्रता दिवस का मुख्य आयोजन होगा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रों को बी, प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

**नर्मदापुरम।** शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम में महाविद्यालय की एन.एन.एस. बालिका इकाई की स्वयंसेविका (cadets) को BARKATULLAH यूनिवर्सिटी द्वारा बी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया जो की प्राचार्य द्वारा एन.एन.एस स्वयंसेवक छात्राओं को बी प्रमाण पत्र वितरित किया गया और कार्यक्रम अधिकारी डा. इरा वर्मा ने सभी स्वयंसेवक छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा सी सर्टिफिकेट के लिए भी प्रयास करने की प्रेरणा दी।

# 13 अगस्त से किसानों की जनाक्रोश मांग पूर्ति रैली



**देवरी से संवाददाता हल्के वीर की न्यूज़....**

देवरी। दिनांक 10 अगस्त 2023 दिन गुरुवार को ग्राम पंचायत चीखली मैं किसान सेना नरसिंहपुर के तत्वाधान में 13 अगस्त 2023 को मां नर्मदा के तट ककरा घाट पच्चीस हजार किसान अपनी मांगों की के लिए भोपाल पैदल रवाना होंगे। वर्तमान में खेती करना बहुत कठिन और जोखिम वाला कार्य होता जा रहा है प्राकृतिक आपदाओं के साथ-साथ निरंकुश तानाशाही सरकारों की अनदेखी का शिकार हम किसान मजदूर हो रहे हैं खाद, बीज, दवाई, डीजल के दामों में अत्यधिक वृद्धि के कारण खेती की लागत बढ़ गई है, जिसके कारण किसानों द्वारा अत्यधिक पैदावार के बाद भी अपनी रोजी-रोटी बच्चों की पढ़ाई विवाह के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है जिससे पूरे गांव के गांव बैंकों के कर्जदार हैं हम सभी के किसानों की पूरी भूमि बैंकों में गिरवी रखी है। किसान संगठनों का कहना है कि ऑफिस में बैठे कर्मचारी को मृत्यु बीमा दिया जाता है तब खेत में काम कर रहे किसान को अकस्मात मृत्यु पर बीमा क्यों नहीं दिया जाता। किसान संगठन के माध्यम से निम्न मांगों के लिए ककरा घाट से भोपाल के लिए पैदल मार्च करेंगे किसान

1. किसान मजदूरों की सभी बैंकों की कर्ज माफी
2. गन्ना नीति बनवाने एवं पांच सौ प्रति क्विंटल गन्ना के रेट के लिए।
3. सभी अनाज एवं सब्जियों के समर्थन मूल्य से नीचे ना विके गारंटी कानून बनाया जाए
4. किसान मजदूरों को 60 वर्ष की आयु के बाद दस हजार मासिक पेंशन मिले।
5. ट्रांसफार्मर अनुदान योजना प्रारंभ की जावे एवं खेतों के लिए 24 घंटे बिजली दी जावे।
6. तेलंगाना राज्य की तर्ज पर किसानों को दस प्रति एकड़ प्रतिवर्ष सम्मान निधि दी जावे।
7. कृषि कार्य करते हुए किसी किसान मजदूर की आकस्मिक दुर्घटना मृत्यु पर पचास लाख रुपए उसके परिवार को दिया जावे।
8. दूध के दाम सौ रुपए प्रति लीटर किया जावे।
9. जंगली जानवरों व आवारा पशुओं द्वारा फसल नुकसान की भरपाई की जावे एवं शासन के द्वारा आवारा पशुओं के रोकथाम के उपाय किए जाएं।
10. किसानों को नदी नालों से मिट्टी एवं बजरा उठाने की अनुमति दी जावे।
11. विंध्याचल पर्वत श्रृंखला में पेयजल संकट वाले गांव में पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था की जाए।
12. राजस्थान की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी खेत से खेत सड़क योजना लागू की जानी चाहिए।

इन सभी मांगों को लेकर 25000 किसान मजदूर ककरा घाट से भोपाल पैदल मार्च कर किसान मजदूर समाज का शक्ति प्रदर्शन करेंगे। किसान मजदूर की आन, बान, शान और इन मांगों के मनवाने के लिए प्रत्येक घर से एक योद्धा इस यात्रा में समय दान दे। इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे किसान एकम पटेल, गिरधारी लाल पटेल, मुकेश गौरव, राजेंद्र प्रताप सिंह, बृजमोहन कौरव, रघुवर पटेल, देवेंद्र पटेल, यशवंत पटेल एवं समस्त किसान मजदूर संघ एकता।

## विश्व आदिवासी दिवस (मूल निवासी दिवस) के उपलक्ष में ग्राम पंचायत हाथीडोल में विशाल रैली निकालकर हुआ मंचीय संचालन।



**देवरी से संवाददाता हल्के वीर की न्यूज....**

देवरी। दिनांक 9 अगस्त 2023 को संपूर्ण भारत के कोने कोने में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है, इसी उपलक्ष में ग्राम पंचायत हाथी ढोल में भव्य रैली निकालकर किया गया मंचीय कार्यक्रम। क्या है विश्व आदिवासी दिवस? आइए जानते हैं! विश्व आदिवासी दिवस, आदिवासी आबादी के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को विश्व के आदिवासी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। यह घटना उन उपलब्धियों और योगदानों को भी स्वीकार करती है जो आदिवासी लोग पर्यावरण संरक्षण जैसे विश्व के मुद्दों को बेहतर बनाने के लिए करते हैं। यह पहली बार संयुक्त राष्ट महासभा द्वारा दिसंबर 1994 में घोषित किया गया था, 1982 में मानव अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण पर संयुक्त राष्ट कार्य समूह की मूलनिवासी आबादी पर संयुक्त राष्ट कार्य समूह की पहली बैठक का दिन। खासकर, इसे भारत के आदिवासियों द्वारा धूम धाम से मनाया जाता है, जिसमें रास्तों पर रैली निकाली और मंच में झामाझम कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। ऐसा ही कार्यक्रम ग्राम पंचायत हाथी ढोल में नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा आदिवासी सांस्कृतिक परंपरा के माध्यम से नाट्य प्रस्तुति दी गई एवं आदिवासी समाज के बुद्धिजीवियों द्वारा अपने समाज को सांस्कृतिक परंपरा के संदेश भी दिए गए। मंच का संचालन करते हुए विनोद मरकाम जी ने समाज को एकता के सूत्र में बांधने के लिए बात कही और मंच को अपने शब्दों के बाण से बांधा रखा। मुखिया हाकम सिंह जी वारिबा कटक, गोरखपुर से वीरेंद्र सिंह जी राज, मनोहर लाल जी सरपंच, उदयपुरा से छात्रावास अधीक्षक बैजनाथ सिंह जी इमने, हनुमत सिंह जी परते, पचामा से चंदन सिंह जी, विजनही से ओमप्रकाश जी उदयपुरा विधानसभा के वर्तमान विधायक श्री देवेंद्र पटेल जी के सुपुत्र नरेंद्र पटेल (बाबूजी) भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इन तमाम आदिवासी समाज के नेतृत्व कर्ताओं ने समाज को नई दिशा और दशा विश्व आदि दिवस के रूप में देने का प्रयास किया। श्री बैजनाथ सिंह जी ने द्वारा आदिवासी नारों के साथ परसा पेंटा सेवा सेवा, खेरोटानिया सेवा सेवा, बड़ादेव ना सेवा सेवा के जयकारे लगाकर उत्साह वर्धन किया गया।

## बरेली की सड़क

छींद मोड़ से धौंखेडा तक, घूम रहे नेता बडडे।
सड़क देख आंखें चकरावें, सड़क में हैं इतने गड्ढे।??

नाम सड़क है गड्ढे भारी, वाहन निकले कई हजारी।
अनजाने में आकर जो कहीं, गाड़ी फस गई बाहर बारी।
टूटे पत्ता और कमानी, टूट जाए तन के हड्डे।
सड़क देख आंखें चकरावें, सड़क में हैं इतने गड्ढे।????

नगर परिषद,और है थाना,है तहसील बरेली जाना।
अस्पताल तो है दस पंद्रह, कदम कदम पर है दवाखाना।
हैं बिकास पर शहर बरेली,भर न सके यहां गड्ढे।
सड़क देख आंखें चकरावें सड़क में हैं इतने गड्ढे।????
देश बिदेश से आये सबारी।

देख कर जा रहे सड़क हमारी।
यहां की सड़क पेरिस से न्यारी, चर्चा कर रहे लोग बिहारी।
धान लगाने आये बरेली,गिरगिर पडें देख गड्ढे।
सड़क देख आंखें चकरावें सड़क में हैं इतने गड्ढे।????

अब हैं चुनाव बहुत नजदीक, अपनी सड़क करवालो ठीक।
मान लेव जनता की सीख,करे न बात कोई भी लीक।
अखबारों में को छपा न देवें,देख यहां गहरे गड्ढे।
सड़क देख आंखें चकरावें, सड़क में हैं इतने गड्ढे।????
हम सब शहर बरेली वासी, बनीं मुसीबत अच्छी खासी।
जब-जब घूमने जाएं सड़क पर, गड्ढे देख मन हुआ उदासी।
शासन मे कोई सुध ,न लेवे कैसे भरें यहां गड्ढे।
सड़क देख आंखें चकरावें सड़क में हैं इतने गड्ढे।????



गोपीलाल अहिरवार
महेश पुरम कालोनी
बरेली ।



**सिवनी मालवा।** आज ग्राम सतवासा में सीमा सुरक्षा बल में हेड कांस्टेबल के पद पर से रिटायर्ड श्रीमान विवेक गौर पिता श्री भीमराज गोर ने अपनी 22 वर्ष की पूर्ण सेवा के बाद अपने देश की सुरक्षा करने के बाद रिटायर्ड होने पर वापस अपने घर लौटे उनका स्वागत लोकप्रिय विधायक शंकर वर्मा जी ग्राम सरपंच तरुण बकोरिया अनिल यादव मुकुल गोर सोनू गौर अनुराग प्रजापति और गांव के सभी गणमान्य नागरिकों ने बहुत ही धूमधाम से किया सभी लोग उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## ओवरब्रिज से कूदा बुजुर्ग, मौत

**विदिशा।** जिले में 94 साल के बुजुर्ग ने ओवरब्रिज से कूदकर आत्महत्या कर ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। घटना बुधवार दोपहर की है। घटना की जानकारी लगते मौके पर समाजसेवी और स्थानीय लोगों की मदद से बुजुर्ग को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टर ने जांच के बाद में बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। समाजसेवी आदर्श तिवारी ने बताया कि बुजुर्ग के शरीर में पहले से नली लगी हुई थी।

दो दिन से शावक के साथ घूम रही थी शहर में

# सारणी में मिला हिरण का शावक, वन विभाग तलाश में जुटा

**बैतूल।** सारणी में वन्य प्राणियों का विचरण लगातार जारी है। दो दिन से यहां शावक के साथ मादा चीतल को घूमते देखा गया है। आज लोगों ने चीतल (हिरण) के शावक को एक नाली से रेस्क्यू कर प्राणी संरक्षक की मदद से वन विभाग के सुपुर्द किया है। शावक की मां नहीं मिल सकी है। आशंका है की उसे कुत्तों ने घायल कर दिया है। वन्य प्राणी संरक्षक और विशेषज्ञ आदिल खान के मुताबिक सोमवार को सारनी शहर के शांति नगर में एक मादा चीतल दिखाई दी थीं।

जिसके पीछे कुत्ते भी लपक रहें थे। इसकी सूचना मिलने के बाद वन विभाग ने ये दावा किया था कि मादा चीतल जंगल चलें गई है। जिसके बाद आज बुधवार उन्हें स्थानीय लोगों ने जानकारी दी कि उन्होंने एक हिरण के बच्चे को बचाया है । जो की शांति नगर के पास एक नाली में फंसा हुआ था और उसके आसपास कुत्ते मौजूद रहे।



### चीतल हुई घायल

लोगो ने शावक का रेस्क्यू कर उसे आदिल के पास हिरण को पहुंचा दिया। इस संबंध में तत्काल ही आदिल के माध्यम से प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी सारनी एस.नायक व मुख्य वन संरक्षक बैतूल को इस संबंध में जानकारी दी।

## चांदामेटा के पंचमुखी हनुमान मंदिर में चोरी

**परासिया।** चांदामेटा के नीची लाईन के पंचमुखी हनुमान मंदिर में बीती रात चोरी हो गई। चोरों ने मंदिर से दान पेटी चुरा ली। दान पेटी मंदिर से कुछ दूर पाई गई। उसके ताले तोडकर पैसे चुरा लिए गए। गौरतलब है कि मंदिर में लगातार चोरी की वारदात हो रही है। इससे पहले भी मंदिर में चोरी की गई थी। मंगलवार को मंदिर में भंडारा कराया जाता है। देर शाम तक भंडारा चला। इसके बाद लोग अपने घरों में चले गए थे। आज सुबह भक्त जब मंदिर पहुंचे तो मंदिर में दान पेटी गायब थी। दान पेटी कुछ दूरी पर छह घरा के पास पाई गई। उसके दोनों ताले टूटे हुए थे। पुलिस को घटना की सूचना दी गई है।

# चित्रकला प्रतियोगिता में छात्राओं ने संत रविदास गुरुदेव की बनाई पेंटिंग



**रायसेन।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में संत शिरोमणि रविदास का 102 करोड़ की लागत से भव्य मंदिर निर्माण का शिलान्यास 12 अगस्त को किया जाएगा जिसको लेकर समरसता यात्रा निकल जा रही और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बुधवार को विकासखंड स्तरीय चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता शहर के कन्या उमावि में आयोजित की गई,जिसमें विकासखंड से जन शिक्षा केंद्रवार तीन तीन बच्चों का चयन कर भेजा गया इसमें लगभग 25 छात्र-छात्राओं ने निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मुस्कान सेन,द्वितीय स्थान निर्मला रैकवार एवं तृतीय स्थान पर उषा दांगी रही। निबंध प्रतियोगिता में माही मालवीय प्रथम,जोया सलीम द्वितीय,साक्षी मीणा तृतीय स्थान पर रही। विकासखंड से दोनों प्रतियोगिता में तीन तीन बच्चों का चयन कर जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांची विकासखंड से विनोद खत्री,प्राचार्य कमलेश नरवरे,जन शिक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना,संजय मालवीय,संजीव जैन,रघुवीर भदौरिया,अजय याज्ञिक मौजूद थे।

## चांदामेटा में विधायक कप फुटबाल प्रतियोगिता शुरू



**परासिया।** पंकज स्टेडियम चांदामेटा में जिला खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा विधायक कप फुटबाल प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। पहले दिन खेल में खिलाडियों ने अपना दमखम दिखाया। चांदामेटा नगर परिषद अध्यक्ष गोविंद बजोलिया, बडकुही अध्यक्ष भरत डेहरिया ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

### विधायक ने किया भूमिपूजन

**परासिया।** ग्राम पंचायत कारीडोंगरी में परासिया विधायक सोहनलाल बाल्मीक द्वारा ब?ा देव पूजन के साथ सांसद निधि,एवं विधायक निधि के 8 लाख रुपये के निर्माण कार्यो का भूमि पूजन किया गया। मोक्षधाम और रंगमंच कारीडोंगरी, किरवारी में बनाए जाएंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### वसुधा बंधन के तहत पंचायत में हुए कार्यक्रम

**परासिया।** वसुधा बंधन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, । जिसमें सरपंच. सचिव, स्थानीय नागरिकों ,स्कूली विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 75 पौधों का रोपण कर अमृत वाटिका का विकसित की गई, । ग्राम पंचायत बरारिया के सरपंच मोहन कहार और अन्य जनप्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### डेहरिया मेहरा समाज ने आदिवासी दिवस पर किया आयोजन

**परासिया।** डेहरिया मेहरा समाज ने विश्व आदिवासी दिवस पर पुराने नगर पालिका कार्यालय भवन के समीप कार्यक्रम का आयोजन किया। राजस्थान के आदिवासी लोक गायक के गीतों पर लोग जमकर झूमे। दिन भर यहां कार्यक्रम होता रहा। डेहरिया मेहरा समाज के पदाधिकारी गोपाल डेहरिया और उनकी टीम ने कार्यक्रम का आयोजन किया। बडी संख्या में डेहरिया मेहरा समाज के लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। गोपाल डेहरिया के साथ सभी ने अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आदिवासी जनों का स्वागत सम्मान किया। सेवादल के अध्यक्ष अंसार सिद्दिकी, शीतल डहेरिया आदि इस दौरान उपस्थित रहे। इस अवसर आदिवासियों के धरती से जुडाव, उनकी संस्कृति और उनके खानपान को प्रकृति से जुडा बताकर इसे हमेशा कायम रखने की बात कही गई।

### थाने में पुलिस के सामने चले पत्थर, दो समुदाय भिड़े

**विदिशा।** जिले के लटेरी थाना परिसर में बुधवार को दो समुदाय आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर पत्थरबाजी हुई। देखते ही देखते आसपास के बाजार बंद हो गए। पुलिस ने लाठीचार्ज कर उपद्रवियों को काबू करने की कोशिश की। विवाद बढ़ता देख आसपास के थानों से भी पुलिस बल भी बुलाया गया। दोनों पक्षों को समझाइश दी गई। इसके बाद एक पक्ष ने सिरोंज चौराहे पर चक्काजाम लगा दिया। हालांकि प्रशासन की समझाइश देने के बाद उन्होंने प्रदर्शन खत्म कर दिया। दरअसल, जिला मुख्यालय से 90 किमी दूर लटेरी थाना क्षेत्र के गांव रायपुरा में भील और यादव समाज के लोगों में विवाद हो गया था।

विरोध

राष्ट्रपति के नाम नौ सूत्रीय मांगपत्र एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# मजदूर संगठन सीटू ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन

**परासिया।** मजदूर संगठन सीटू ने आज रैली निकालकर प्रदर्शन किया। रैली के बाद देष के राष्टपति के नाम एसडीएम को नौ बिंदुओं का मांग पत्र सौपा गया। दलितो आदिवासियों के साथ देष में अत्याचार दमन और उत्पीडन के मामले इस ज्ञापन में उठाए गए। देश में पूर्वोत्तर राज्यों सहित कई राज्यों में आदिवासी, दलित, महिलाओं सहित मजदूरों, किसानों आदि के ऊपर अत्याचार का बिंदु उठाया गया। केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा किये जा रहे दमन उत्पी?न के खिलाफ परासिया के एसडीएम पुष्पेन्द्र कुमार निगम को महामहिम राष्ट्रपति के नाम नौ सूत्रीय



मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि देश के कई राज्यों में सुनियोजित ढंग से दंगा फसाद से माहौल खराब हो रहा है, । साथ ही श्रम नीतियों में बदलाव और परिवर्तन किया जा रहा है। लाल झंडा कोल माईस मजदूर यूनियन सीटू कन्हान पेंच क्षेत्र के नेहरिया से लेकर तानसी तक बडी संख्या में सीटू कार्यकता पहुंचे। युनियन कार्यालय से रैली एसडीएम कार्यालय तक पहुंची। ज्ञापन सौंपने में केंद्रीय पदाधिकारियों में अमरनाथ सिंह, मीरहसन, मार्कण्डेय मिश्रा, अशोक भारती, विकास सातनकर, संतोष साहू, बक्सीस अली, शशिकपूर भारती, नितिन साहनी, रामनरायण कश्यप,दीलीप भारती, शंकर लाल, रीता बागड़े सहित शाखा पदाधिकारियों में धर्मेद्र, बुद्धि सागर, सतीश आम्रवंशी, रामविलास यादव, तोड़लाल, कपिल, ममता उइके, तुलेश, संजय साल्वे, भंडोल चौधरी, विनोद साहू, सरफराज खान, कैलाश यदुवंशी, भूपेंद्र राकसे सहित प्रमिला निगम,माला चौधरी, तथा सभी सक्रिय पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# भाजपा के राज में मासूम बच्चियां भी असुरक्षित : विभा पटेल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल ने बताया कि प्रदेश में इंसानियत को शर्मसार करने की घटनाएं निरंतर बढ़ने, आदिवासी महिलाओं के उत्पीड़न, लाड़ली बहनों का शोषण आदि को लेकर मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस गुरुवार दोपहर एक बजे रोशनपुरा स्थित जवाहर भवन पर प्रदर्शन करेगी। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी। इस दौरान बेलगाम महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, पटवारी भर्ती परीक्षा में हुए घोटाले आदि को लेकर भी घोषणावीर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की निंदा की जाएगी। विभा पटेल ने बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि मध्य प्रदेश फिर शर्मसार हुआ है। अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि वे मासूम



बच्चियों को भी अपनी हवस का शिकार बना रहे हैं। सतना के मैहर में निर्भया कांड जैसी घटना के बाद एक ओर दिल दहला देने वाली घटना फिर सामने आई है। ये दरिंदगी घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। रीवा के हनुमना थाना क्षेत्र में 13 और 14 साल की दो आदिवासी बहनों से सामूहिक दुष्कर्म हुआ है। यह वीभत्स घटना प्रदेश में आदिवासी महिला एवं नाबालिग बच्चियों के सुरक्षा के दयनीय हालत को प्रदर्शित करती है।

# अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया।




**नर्मदापुरम।** शासकीय नर्मदा महाविद्यालय मे अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 50 पौधे लगाए गए एवं सैनिक सूबेदार दलबीर सिंह का शौल श्रीफल से सम्मान किया एवं पंच प्रण शपथ दिलाई गई महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ रवि उपाध्याय ,वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एस सी हरने ,डॉ संजय चौधरी ,डॉ बीएस आर्य ,डॉ राजीव शर्मा ,डॉ राजेश दीवान ,सचिन दुबे,राजीव द्विवेदी, रेणुका ठाकुर, ,एनएसएस एवं एनसीसी के कार्यक्रम अधिकारी डॉ एस के दिवाकर ,डॉ शिवाकांत मौर्य, श्रीमती यास्मीन खान एवं स्वयंसेवक अमन मेहरा ,शिवम सैनी एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मां और दादी के बीच सो रहे एक साल के मासूम पर छत से टूटकर गिरा प्लास्टर, मौत

**भोपाल।** राजधानी के निशातपुरा थाना इलाके में घर में मां-दादी के साथ सो रहे एक वर्ष के बच्चे पर छत से प्लास्टर का टुकड़ा टूटकर गिर गया। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए मासूम को स्वजन तुरंत पास के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी जान नहीं बच की। वहां चेक करने के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में बालक की दादी को भी चोट लगी है, लेकिन वह खतरे से बाहर है।

# शासकीय सीएलके उ. मा. विद्यालय बिजुरी में ICT LAB का लाभ ले रहे छात्र

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

अनूपपुर/बिजुरी। आईसीटी लैब के जरिए बच्चों को पढ़ाई से जोडने् की तैयारी .शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, शासकीय सी एल के विद्यालय बिजुरी में एक नवाचार देखने को मिल रहा है। विद्यालय ने ICT (Information and Communication Technology) LAB की स्थापना कर छात्रों को उनकी शिक्षा में नए आयामों का अनुभव कराने का प्रयास किया है।आधुनिक युग में तकनीकी विकास ने शिक्षा के प्रयोग में भी क्रांति ला दी है। ICT LAB के माध्यम से विद्यार्थी विभिन्न शैक्षिक संसाधनों और उपकरणों का प्रयोग कर विश्व के विभिन्न कोनों से जुड़ सकते हैं। इस नए पहलू को लेकर विद्यालय के प्राचार्य , श्री यू के तिवारी, ने बताया कि ÷हमारा लक्ष्य है कि हम छात्रों को न केवल पाठ्यक्रम के हद तक शिक्षा प्रदान करें, बल्कि उन्हें विश्व में हो रही तकनीकी उन्नतियों के साथ भी परिचित कराएं। ICT LAB इस मिशन की प्रारंभिक कड़ी है जिसके माध्यम से हम छात्रों को विभिन्न तकनीकी उपकरणों के साथ अवगत करवा रहे हैं। ICT LAB के माध्यम से छात्रों को सामान्य उपकरणों से लेकर उन्नत तकनीकी उपकरणों का प्रयोग करके विभिन्न विषयों में अध्ययन करने का अवसर मिलता है। यह विद्यार्थियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभिवृत्ति, गणित, और सामाजिक विज्ञान जैसे क्षेत्रों में गहराई से समझने का माध्यम उपलब्ध कराता है। छात्रों के माध्यम से हमने जाना कि इस नए पहल के द्वारा उनके अध्ययन में एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। एक छात्रा ने कहा, ICT LAB के माध्यम से हमें पढ़ाई को और भी रोचक और समझने में आसानी हो गई है। हम विभिन्न विषयों में उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग करके अध्ययन कर सकते हैं और उन्हें व्यापारिक दुनिया के साथ जोड़कर भी सीख सकते हैं।÷इस पहल के साथ, शासकीय सीएलके विद्यालय बिजुरी ने छात्रों के शिक्षा में नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आगामी काल में यह स्थापना छात्रों को न केवल उनके विद्यार्थी जीवन में बल्कि उनके पेशेवर जीवन में भी सहायक सिद्ध होने का रास्ता दिखा सकती है।







**आई.टी. प्रो. - धर्मेंद्र नाहर** - इस पहल के साथ विद्यालय ने छात्रों के शिक्षा में नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आगामी काल में यह स्थापना छात्रों को न केवल उनके विद्यार्थी जीवन में बल्कि उनके पेशेवर जीवन में भी सहायक सिद्ध होने का रास्ता दिखा सकती है।

### मानसून ट्रफ लाइन भी खिसकी हिमालय की ओर

# मानसून पहुंचा हिमालय की तराई में, 12 तक नहीं बारिश के आसार, बढ़ेगी गर्मी

**भोपाल।** बंगाल की खाड़ी से आया कम दबाव का क्षेत्र अब कमजोर पड़ गया है। इस कारम सोमवार को बारिश का सिलसिला थम गया। मानसून अब हिमालय की तराई में पहुंच गया है। इस कारण 12 अगस्त तक शहर सहित जिले में बारिश की संभावना नहीं है। आठ अगस्त से आसमान साफ हो जाएगा, जिससे उमस भरी गर्मी बढ़ेगी। दिन के तापमान में बढ़तोरी दर्ज होगी। गर्मी के कारण बादल भी छाएंगे।

बंगाल की खाड़ी से आए कम दबाव के क्षेत्र की वजह से चार दिनों में शहर में झमाझम बारिश हुई। मौसम में भी ठंडक रही, लेकिन कम दबाव का क्षेत्र उत्तर पूर्वी मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश की ओर चला गया। इस वजह से बारिश नहीं हो सकी। शहर में बादल ही छाए। दिन में चार से छह किमी प्रतिघंटा की गति से हवा चलने से उमस से राहत रही, लेकिन यह राहत एक दिन की है। अधिकतम तापमान सामान्य रहा। मौसम केंद्र भोपाल के रडार प्रभारी डा वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि चार से पांच दिनों तक बारिश की संभावना नहीं है।



### बारिश का दौर कमजोर

शहर में फिर से बारिश का दौर कमजोर हो गया है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन चार दिन तेज बारिश की उम्मीद कम है, हालांकि धूप खिलने के बाद लोकल क्लाउड बनकर गरज चमक के साथ हल्की और मध्यम बारिश हो सकती है। सीजन में बारिश का आंकड़ा अब सामान्य से 101 मिमी कम हो गया है। शहर में अब तक मानसून की गतिविधियां कमजोर रही हैं। हल्की और मध्यम बारिश के दौर भले ही चल रहे हो लेकिन तेज बारिश के दौर लगातार नहीं बने हैं, इसलिए शहर में अब तक सामान्य से कम बारिश हुई है। बुधवार को भी शहर में मौसम का मिजाज इसी तरह रहा।

कभी हल्की धूप रही तो कभी बादल रहे, यह स्थिति दिन भर दिखाई दी। हालांकि 14-15 अगस्त के बाद नया सिस्टम एक्टिव होने से फिर मानसून गति पकड़ेगा और बारिश का अगला दौर शुरू होने की उम्मीद है।

### कैसे अगले 24 घंटे

मानसूनी सिस्टम के एक्टिव नहीं होने से अगले 24 घंटे में कहीं भी तेज बारिश होने का अनुमान नहीं है।

# राजधानी में पांव पसारने लगा डेंगू, 117 तक पहुंची मरीजों की संख्या

**भोपाल।** बारिश का सीजन शुरू होने के साथ शहर में डेंगू, मलेरिया जैसी जैसी मच्छरजनित बीमारियों ने फिर पांव पसारना शुरू कर दिया है। आलम यह है कि अगस्त की शुरुआत में ही मरीजों की संख्या 117 तक पहुंच गई है। सिर्फ जुलाई माह में ही सात मरीज सामने आ चुके हैं।

मरीजों की बढ़ती संख्या से एक बार फिर मलेरिया विभाग की चिंता बढ़ गई है। मलेरिया विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हमारी टीमें सर्वे कर रही हैं। डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जांच और कार्रवाई जारी है। प्रतिदिन विभाग के कर्मचारी शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में




निरीक्षण कर पानी एकत्र करने वालों पर कार्रवाई कर रहे हैं। विभाग लोगों से पानी एकत्र न करने की अपील कर रहा है। वहीं, मच्छरों से बचाव के लिए विभाग की ओर से लगातार एडवाइजरी भी जारी की जा रही है। मलेरिया विभाग का कहना है कि मच्छरजनित बीमारियों से बचाव में जनता का सहयोग बेहद जरूरी है, क्योंकि मच्छरों को पनपने का अवसर देकर ही हम बीमारियों को दावत देते हैं। ऐसे में अगर घर और आसपास के क्षेत्रों में पानी एकत्र न होने दिया जाए तो मच्छर उत्पन्न ही नहीं होंगे। डेंगू के मामले शहर के अनेक हिस्सों से सामने आए हैं। मगर हाई रिस्क जोन साकेत नगर और कोलार हैं। यहां अब तक सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डा. आरके श्रीवास्तव ने बताया कि अस्पताल ने दस पलंग का डेंगू वार्ड तैयार किया है। जहां बीते सप्ताह दो बच्चों को भर्ती कराया था।

# मप्र न सिर्फ राज्यों बल्कि दूसरे देशों के लिए भी एक मिसाल है : शोम्बी शार्प




**भोपाल।** संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के कार्यालय में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव और बोर्ड के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला से मुलाकात की। प्रतिनिधियों में यूनाइटेड नेशन रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर शोम्बी शार्प, यूनिसेफ मध्यप्रदेश की राज्य प्रतिनिधि सुश्री मार्गरेट ग्वाडा, चीफ ऑफ स्टाफ रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर ऑफिस सुश्री राधिका कौर बत्रा एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपी) के राज्य प्रभारी सुनील जैकब शामिल थे। प्रतिनिधियों ने मध्य प्रदेश के आतिथ्य और राज्य में टिकाऊ और महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश न केवल अन्य राज्यों के लिए बल्कि अन्य देशों के लिए भी एक अविश्वसनीय उदाहरण है। प्रतिनिधियों से बात करते हुए प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने बताया कि टूरिज्म बोर्ड द्वारा महिलाओं की सुरक्षा में सुधार और एकल महिला यात्रियों को राज्य में आने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना पर लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन (आरटीएम) के तहत, 10,000 महिलाओं को पहले से ही आतिथ्य और पर्यटन उद्योग में फ्रंटलाइन कार्यकर्ता बनने के लिए कुशल बनाया जा रहा है और बताया कि वर्तमान में 40,000 महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एमपी पहले से ही सांची, भीमबेटका और खजुराहो सहित 3 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों का घर है और इसके अलावा 4 और स्थलों ओरछा, मांडू, भेड़ाघाट एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को अस्थायी रूप से यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों में सूचीबद्ध किया गया है। ग्वालियर को रचनात्मक शहरों के नेटवर्क के तहत चुना गया है। श्री शोम्बी शार्प ने गर्मजोशी से स्वागत और आतिथ्य के लिए प्रमुख श्री शुक्ला और एमपी टूरिज्म बोर्ड का आभार व्यक्त किया और सामूहिक सतत विकास को प्रोत्साहित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और मध्यप्रदेश सरकार के बीच साझेदारी की सराहना पर जोर दिया। श्री शार्प ने कहा कि भारत की उनकी पहली आधिकारिक यात्रा मध्य प्रदेश में थी और वह इस राज्य से आत्मीय रूप से लगाव महसूस करते हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश के बाघों को देखने, वास्तुकला एवं प्राकृतिक सौंदर्य को देखने, साथ ही हॉट एयर बलून में उड़ने की इच्छा भी व्यक्त की। सुश्री राधिका कौल बत्रा सुरक्षित पर्यटन स्थलों की परियोजना के प्रति महिलाओं के दृढ़ संकल्प और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने मध्य प्रदेश के आकर्षक राज्य की एक और यात्रा करने की इच्छा भी जताई। अतिरिक्त प्रबंध निदेशक श्री विवेक श्रोत्रिय ने भी अतिथियों का स्वागत किया।

# भारत ने पाकिस्तान को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर किया

# 4-0 से हराया, कप्तान हरमनप्रीत ने दागे 2 गोल

## जुगराज और आकाशदीप सिंह की स्टिक से एक-एक गोल आए

एजेंसी| चेन्नई

भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान को 4-0 से हरा दिया है। यह भारत की पाकिस्तान पर ओवरऑल 65वीं जीत है। पाकिस्तान ने भारत से 82 मुकाबले जीते हैं। चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में मिली इस जीत से भारतीय टीम ने पॉइंट्स टेबल में टॉप पोजिशन हासिल कर ली है। टीम लीग स्टेज में अजेय रही। टीम इंडिया ने 5 में से 4 मुकाबले जीते, जबकि एक ड्रॉ रहा। भारतीय टीम का सेमीफाइनल मुकाबला जापान से 11 अगस्त को इसी मैदान पर खेला जाएगा। बुधवार को हुए मैच में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 2 गोल दागे। उन्होंने 15वें और 23वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। एक-एक गोल जुगराज सिंह और आकाशदीप सिंह की स्टिक से आए। जुगराज ने मुकाबले के 36वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया, जबकि आकाशदीप सिंह ने 55वें मिनट में फील्ड गोल किया।



### भारत की बढ़त दोगुनी, एक और गोल दागा

दूसरे क्वार्टर में पाकिस्तान ने अग्रेसिव अप्रोच रखी। पाकिस्तान ने बॉल छीनने की लगातार कोशिश की। भारतीय खिलाडियों ने तालमेल बनाए रखा और डिफेंसिव गेम खेलते हुए 2 बड़े मौके भी बनाए। कॉर्नर का फायदा उठाते हुए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने फिर एक बार गोल दाग दिया 2-0 से लीड दिलाई। दूसरे गोल के बाद भारत फिर अटैकिंग गेम खेलने लगा और गेम कंट्रोल में ले लिया। प्लेयर्स ने डी के अंदर 4 मौके बनाए। इसके बाद भारत ने आखिरी मिनट में लॉन्ग पास के साथ गेम खेला। दूसरे गोल के बाद पाकिस्तान को एक बार भी भारत के बॉक्स में जाने का मौका नहीं मिला।

### जुगराज के गोल से भारत की बढ़त मजबूत

तीसरा क्वार्टर शुरू होते ही कृष्ण पाठक ने एक गोल बचाया। गुरजंत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर बॉल जीती और 36वें मिनट में भारत की लीड को 3-0 से बढ़ा दिया। भारत ने 5 पेनल्टी कॉर्नर में 3 गोल दागे। आकाशदीप सिंह ने 42वें गोल का सुनहरा मौका गवां दिया।

### भारत का दबदबा, हरमन ने पेनल्टी कार्नर पर गोल दागा

भारतीय टीम ने आक्रामक शुरुआत की, हालांकि शुरुआती मिनटों में टीम ने पेनल्टी गंवाई, लेकिन कृष्ण बहादुर पाठक ने शानदार बचाव किया। फिर 8वें मिनट में रेफरी ने जुगराज सिंह को ग्रीन कार्ड दिखा दिया। क्वार्टर के आखिरी मिनट में भारत को पेनल्टी मिली और पाकिस्तानी कप्तान उमर भुट् ?टा को ग्रीन कार्ड भी दिखाया गया। इस पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हुए भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शानदार ड्रैग फ्लिक के साथ गोल दागा।

### आकाशदीप का फील्ड गोल

चौथे क्वार्टर में भारत पूरी तरह गेम में दिखा। पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने मौके बनाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। चौथे क्वार्टर की शुरुआत में भारत के नीलकांता शर्मा ने गोल किया, लेकिन इसे रेफरी ने डिसअलाउड कर दिया। आखिर में आकाशदीप सिंह ने गोल दाग कर 4-0 से भारत को मैच जिताया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे। वे टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर हैं। तीसरे क्वार्टर में गोल दागने के बाद जश्न मनाते जुगराज सिंह और साथी खिलाड़ी। तीसरे क्वार्टर में गोल दागने के बाद जश्न मनाते जुगराज सिंह और साथी खिलाड़ी। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन और खेल मंत्री उदयानिधि स्टालिन भी मैच देखने पहुंचे।

# ऑस्ट्रेलिया को विश्वकप के लिए सबसे प्रबल दावेदार मानते हैं अश्विन




एजेंसी| नई दिल्ली

टीम इंडिया के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन का मानना है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम काफी अच्छी है और वह एकदिवसीय विश्वकप कप जीतने की एक बड़ी दावेदार है। विश्वकप भारत में पांच अक्टूबर से शुरु होगा। इसमें भारतीय टीम का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से 8 अक्टूबर को होगा। यह मुकाबला चेन्नई में खेला जाएगा। विश्वकप को लेकर अब तक कई दिग्गजों ने भविष्यवाणी की है। उसी कड़ी में अब अश्विन का मानना है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम सबसे बड़ी दावेदार नजर आ रही है। अश्विन ने कहा, एकदिवसीय विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की टीम पसंदीदा नजर आ रही है। साथ ही कहा कि कई लोग यह भी कह रहे भारत विश्वकप कप जीतने के लिए पसंदी है पर वे ऐसा इसलिए कहते हैं क्योंकि इससे उनपर दबाव कम हो जाता है पर हमपर बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम विश्वकप के लिए पसंदीदा हो सकती है पर ऑस्ट्रेलियाई टीम एक पावर हाउस की तरह है। अश्विन ने साथ ही कहा, मुझे लगता है कि एकदिवसीय विश्वकप कप पर वेस्टइंडीज का दबदबा साल 1983 के बाद से ही समाप्त हो गया था। हम 1987 में भी जीत के काफी करीब आए थे पर इसके बाद से ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व की सबसे अच्छी टीम बन गई और वह लगातार विश्वक कप में अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। अब तक सबसे अधिक पांच बार ऑस्ट्रेलियाई टीम ने विश्वकप जीतकर दिखाया है कि उसके पास एक अच्छी टीम है।

# एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी के सेमीफाइनल में भारत और जापान का मुकाबला आज

एजेंसी| चेन्नई

भारतीय हॉकी टीम शुक्रवार को एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी (एसीटी) में जापान से होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाने के इरादे से उतरेगी। पिछले मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ मिली शानदार जीत से भारतीय टीम के हौसले बुलंद हैं। भारतीय टीम का लक्ष्य सेमीफाइनल में जापान के खिलाफ आक्रामक रणनीति अपनाकर हावी रहना रहेगा। अब तक इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम अजेय रही है। राउंड रॉबिन चरण में चार मैच जीतकर और एक ड्रा खेलकर भारतीय टीम अंक तालिका में शीर्ष पर है। इसके बाद भी भारतीय टीम जापान को हल्के में नहीं लेना चाहेगी। इसका कारण है कि जापान को भी अब तक इस टूर्नामेंट में हार नहीं मिली है। दोनों टीमों के बीच लीग चरण का मैच भी 1-1 से बराबरी पर रहा था



हालांकि अगर विश्व रैंकिंग की बात की जाए तो दोनों टीमों के बीच काफी बड़ा अतर है जिसमें भारतीय चौथे और जापान 19वें स्थान पर है। ऐसे में इस मैच में भारतीय टीम को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इसके बाद भी भारतीय टीम जापान को कम नहीं आंकेगी। इसका कारण है कि ढाका में 2021 चरण के सेमीफाइनल में उसे जापान से ही 3-5 से हार का सामना करना पड़ा था जबकि राउंड रॉबिन चरण में उसने उसपर 6-0 से जीत हासिल की थी।

# 2011 विश्वकप फाइनल में धोनी ने सबसे महंगे बल्ले से की थी बल्लेबाजी

एजेंसी| मुम्बई




भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाते हैं। साल 2011 विश्वकप फाइनल में धोनी ने छक्का लगाकर भारतीय टीम को जीत दिलायी थी। तब धोनी ने एक शानदार पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी पर क्या आप जानते हैं इस मैच में धोनी ने जिस बल्ले ले खेला था उसकी कीमत क्या थी ? एक रिपोर्ट के अनुसार ये सबसे महंगा बल्ला था और इसकी कीमत एक लाख रुपये थी जबकि आमतौर पर बल्लों की कीमत 4000 रुपये से 10,000 रुपए तक होती है। धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने दो विश्व कप जीते है। इसमें एक 2007 टी 20 विश्व कप और फिर 2011 एकदिवसीय विश्व कप। एकदिवसीय विश्व कप में उन्होंने विश्व के सबसे महंगे क्रिकेट बल्ले से खेला था।

2011 विश्वकप में धोनी ने जो बल्ला उपयोग में लाया था वह अंग्रेजी विलो से बना था और इसकी कीमत लगभग एक लाख रुपए थी। धोनी के इस बल्ले को बाद में चैरिटी संस्था के लिए नीलाम कर दिया गया था। जिसमें ये 83 लाख रुपए में बिका था। धोनी के इस बल्ले को ईस्ट मीट्स वेस्ट चैरिटी डिनर नाम की एक चैरिटी संस्था के लिए नीलामी में रखा गया था और तब आरके ग्लोबल शेयर एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड ने इसे 100,000 पाउंड (तकरीबन 83 लाख रुपये) से अधिक में खरीदा था।

मानसून ट्रफ लाइन भी खिसकी हिमालय की ओर

# मानसून पहुंचा हिमालय की तराई में, 12 तक नहीं बारिश के आसार, बढ़ेगी गर्मी

**भोपाल।** बंगाल की खाड़ी से आया कम दबाव का क्षेत्र अब कमजोर पड़ गया है। इस कारम सोमवार को बारिश का सिलसिला थम गया। मानसून अब हिमालय की तराई में पहुंच गया है। इस कारण 12 अगस्त तक शहर सहित जिले में बारिश की संभावना नहीं है। आठ अगस्त से आसमान साफ हो जाएगा, जिससे उमस भरी गर्मी बढ़ेगी। दिन के तापमान में बढ़तोरी दर्ज होगी। गर्मी के कारण बादल भी छाएंगे।

बंगाल की खाड़ी से आए कम दबाव के क्षेत्र की वजह से चार दिनों में शहर में झमाझम बारिश हुई। मौसम में भी ठंडक रही, लेकिन कम दबाव का क्षेत्र उत्तर पूर्वी मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश की ओर चला गया। इस वजह से बारिश नहीं हो सकी। शहर में बादल ही छाए। दिन में चार से छह किमी प्रतिघंटा की गति से हवा चलने से उमस से राहत रही, लेकिन यह राहत एक दिन की है। अधिकतम तापमान सामान्य रहा। मौसम केंद्र भोपाल के रडार प्रभारी डा वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि चार से पांच दिनों तक बारिश की संभावना नहीं है।



### बारिश का दौर कमजोर

शहर में फिर से बारिश का दौर कमजोर हो गया है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन चार दिन तेज बारिश की उम्मीद कम है, हालांकि धूप खिलने के बाद लोकल क्लाउड बनकर गरज चमक के साथ हल्की और मध्यम बारिश हो सकती है। सीजन में बारिश का आंकड़ा अब सामान्य से 101 मिमी कम हो गया है। शहर में अब तक मानसून की गतिविधियां कमजोर रही हैं। हल्की और मध्यम बारिश के दौर भले ही चल रहे हो लेकिन तेज बारिश के दौर लगातार नहीं बने हैं, इसलिए शहर में अब तक सामान्य से कम बारिश हुई है। बुधवार को भी शहर में मौसम का मिजाज इसी तरह रहा।

कभी हल्की धूप रही तो कभी बादल रहे, यह स्थिति दिन भर दिखाई दी। हालांकि 14-15 अगस्त के बाद नया सिस्टम एक्टिव होने से फिर मानसून गति पकड़ेगा और बारिश का अगला दौर शुरू होने की उम्मीद है।

### कैसे अगले 24 घंटे

मानसूनी सिस्टम के एक्टिव नहीं होने से अगले 24 घंटे में कहीं भी तेज बारिश होने का अनुमान नहीं है। कुछ जगहों पर बूंदाबांदी जरूर हो सकती है। भोपाल में बादल छाए रहेंगे। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, नर्मदापुरम संभाग में बारिश हो सकती है।



हर चौथे शख्स की हो रही मौत...

# कम आयु में हार्ट अटैक, गश खाकर गिर रहे चलते-फिरते लोग

**भोपाल।** चलते-फिरते या काम में लगे लोग अचानक गश खाकर गिर रहे हैं और इनमें से अधिकांश की मौत हो जा रही है। कम आयु में हार्ट अटैक से हो रहीं ऐसी मौत की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। यह चिंता के साथ चिंतन का भी विषय बन गया है। महज 35-40 की उम्र में दिल धोखा दे रहा है और ऐसे कार्डियक अरेस्ट के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कार्डियोलॉजिस्ट के अनुसार 25 फीसदी हार्ट अटैक के मामलों में सीधे मौत होती है। यानि हर चौथा मरीज अटैक से मर रहा है।

ऐसी ही एक घटना शहर के हबीबगंज क्षेत्र में स्थित एक बैंक से सामने आई जहां देर शाम 40 वर्षीय महिला दफ्तर में काम करते-करते बेहोश हो गई। घटना के तत्काल बाद महिला को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया जहां पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है। मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया। पोस्टमार्टम से इसकी पुष्टि हुई जिसमें महिला की आर्टरीज में ब्लॉकेज देखा गया।

### एक चौथाई मरीजों की हार्ट अटैक से सीधे मौत

कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सतीश रामटेके के अनुसार 25 फीसदी हार्ट अटैक के मामलों में सीधे मौत होती है। यानि हर चौथा मरीज अटैक से मर जाता है। बायस्टैंडर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) और डीफिब्रिलेशन (शॉक) ही प्राथमिक उपचार के विकल्प- डॉ. सतीश रामटेके के अनुसार ऐसी स्थिति में तत्काल बायस्टैंडर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) और डीफिब्रिलेशन (शॉक) ही प्राथमिक उपचार के विकल्प होते हैं। बाईस्टैंडर सीपीआर की ट्रेनिंग हर नागरिक को लेनी चाहिए। इसके बुनियादी स्तर के बारे में हर व्यक्ति को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है।

# मतदाताओं को जागरूक करने निकाली रैली, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी



**भोपाल।** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में फिलहाल मतदाता सूची में संशोधन का काम चल रहा है। मतदान के लिए पात्र ऐसे लोग, जिनके नाम किसी कारणवश मतदाता सूची में नहीं हैं या जो 18 वर्ष के हो रहे हैं, वे इस माह के अंत तक अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसी सिलसिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिहाज से राजधानी में बुधवार सुबह 'मेगा वाक फार डेमोक्रेसी' रैली निकाली गई।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर कलेक्टर आशीष सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई।

# अब मिलेंगे सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के आदेश हिंदी में

» जबलपुर, इंदौर व ग्वालियर बैंच के आदेश होंगे ट्रांसलेट

» हाईकोर्ट ने अपनी वेबसाइट पर दी लिंक, जबलपुर के चार आदेश हुए अपलोड

**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के आदेश अब हिंदी में पढ़ने को मिलेंगे। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने प्रमुख आदेशों को हिंदी में ट्रांसलेट करना शुरू कर दिया है। इन्हें हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड करना शुरू कर दिया है। लोगों को अपनी भाषा में कोर्ट को आदेश समझ आ सके, उसके लिए यह व्यवस्था की है। अभी एप्रूव फोर रिपोर्टिंग (एएफआर) व लेड डाउन जमेंट ही हिंदी में आएंगे। इन आदेश में कानून की व्यख्या की जाती है ज्यादा लोगों को प्रभावित करते हैं।

वैसे सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट की भाषा अंग्रेजी है। यहां से जो आदेश निकलते हैं, वह अंग्रेजी में रहते हैं, लेकिन अंग्रेजी आम लोगों को समझ में नहीं आती है और लोगों को आदेश को समझने के लिए दूसरों का सहारा लेना पड़ता है। लोगों को अपनी भाषा में आदेश मिल सके, इसके लिए लंबे समय से कवायद की जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने आदेशों को हिंदी में दिए जाने का आदेश दिया था, जिसके बाद से कवायद की जा रही थी। अंत में यह इंतजार खत्म हो गया है। जबलपुर के चार जजों के आदेशों को हिंदी में अपलोड कर दिया है। ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर के आदेश हिंदी में अपलोड होंगे। ग्वालियर की हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने जमानत याचिकाओं में अनोखी शर्तें जोड़ी थी,, लेकिन शर्तें अंग्रेज में होने की वजह से लोगों को समझ में नहीं आती थी, लेकिन हाईकोर्ट ने शर्तों को हिंदी में लिखना शुरू किया।

### सुप्रीम कोर्ट के प्रदेश से जुड़े आदेश मिलेंगे हिंदी में



सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश के किसी मामले में फैसला किया है तो वह मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की वेबसाइट पर हिंदी में मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट में प्रदेश संबंधित के आदेश हिंदी में दिया जाएगा। ग्वालियर- इंदौर, जबलपुर बैंच के अंग्रेजी व हिंदी के आदेश एक साथ लोगों को मिलेंगे। ट्रांसलेटर कम होने की वजह से दिक्कत आ रही है, लेकिन ट्रांसलेशन के लिए सॉफ्टवेयर की व्यवस्था की जा रही है, उसके आने के बाद हर आदेश हिंदी में मिलेगा और अंग्रेजी के आदेश के साथ अपलोड हो जाएगा।

# आईसीयू वार्ड में जूनियर डॉक्टर से दुर्व्यवहार करने वाले पर मामला दर्ज

**भोपाल।** कोहेफिजा पुलिस ने हमीदिया अस्पताल में आईसीयू में इलाज कर रहे जूनियर डॉक्टर से दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार कैलाश गुप्ता ने अपनी शिकायत में बताया की वह जूनियर डॉक्टर है, और हमीदिया अस्पताल में पीजी की पढ़ाई कर रहे हैं। मंगलवार शाम उनकी ड्यूटी बच्चा वार्ड में थी। दिन के समय वह आईसीयू वार्ड में थे। उस दौरान एक व्यक्ति वार्ड में आकर उनसे गाली-गलौज करते हुए दुर्व्यवहार करने लगा और मारपीट पर उतर आया। हंगामे की आवाज सुनकर पहुंचे सुरक्षा गार्डों ने व्यक्ति को वार्ड से बाहर निकाला।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)